तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, मार्च 27, 2024

12 गदौली में महिला को मतदान के लिए किया जागरूक



12 साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा



## खबर संक्षेप

### ट्रेन से पौने दो लाख के गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में सवार संध्या गुप्ता निवासी केआर पुरम बंगलुरू, कनार्टक का पर्स चोरी हो गया। संध्या अपने परिवार के साथ उज्जैन से कटरा जा रही थी। दिल्ली पहुंचने पर वह सो गई थी। पानीपत पहुंचने पर उठी तो बैग गायब मिला। पर्स में तीन हजार रुपए कैश, 70 हजार से अधिक का सैमसंग का मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठियां, ट्रेन की टिकट व अन्य सामान था।

### बिहार प्रवासी ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पसीना रोड पर किराय के कमरे में निवास कर रहे अभिषेक उर्फ प्रिंस मूल निवासी वैशाली, बिहार ने होली के दिन सुसाइड कर लिया। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अभिषेक के शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं इस मामले में आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही कर अभिषेक की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**पानीपत।** पानीपत में असंध रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ताऊ हाकम सिंह व भतीजा सुनील कुमार निवासी गांव खुखरा जिला पानीपत नीचे गिर गए। हादसे में हाकम सिंह की मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से कार सहित फरार हो गया। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद हाकम सिंह का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और कार के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली पेरलल नहर में चार डूबे, दो को बचाया, दो लापता

## पानीपत पुलिस ने नहर में दोनों की तलाश शुरू करवा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में दिल्ली पेरलल नहर में चार लोग डूब गए। इनमें से दो को बचा लिया गया, जबकि दो नहर के पानी में लापता हो गए। इससे पहले चोरों ने नहर किनारे बैठ कर शराब पार्टी की थी।

पानीपत पुलिस ने नहर में दोनों की तलाश शुरू करवा दी है और रोहतक व सोनीपत पुलिस को इस मामले की जानकारी देकर सचेत कर दिया है। इधर, पुलिस को दी

■ रोहतक व सोनीपत पुलिस को मामले की जानकारी देकर सचेत किया

शिकायत में लेखराम मूल निवासी शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गोपाल कालोनी बताया कि उसके तीन पुत्र राधेश्याम, मंझला बेटा घनश्याम व सबसे छोटा बेटा श्याम सुंदर है। वहीं राधेश्याम अलग कमरे में अपने चाचा सुसर विजयवीर के साथ रहता है। वही, अगले हफ्ते सभी ने छोटे बेटे श्याम सुंदर की सगाई के लिए यूपी जाना है।

### पुलिस ने जगह जगह नहर में जाल लगवाए

उन्होंने बतया कि होली के दिन राधेश्याम नहर में नहाने गया। हालांकि वह तैरना जानता था। शायद शराब पीने की वजह वह ऊपर नहीं आ सका। उसे बचाने के लिए चाचा ससुर कूदा तो वह भी डूब गया। दोनों डूबते हुए को भीम निवासी हमीरपुर जिला फरुर्खाबाद, यूपी और रमेश कुमार बचाने उतरे तो भी डूबने लगे। अभी दोनों किनारे पर ही थे, इसलिए समय रहते वहां के स्थानीय लोगों ने इन दोनों को बचा लिया। जबकि वे दोनों बह गए। राधेश्याम एक बेटा व दो बेटियों का पिता है। जबकि विजयवीर दो बेटों और एक बेटी का पिता है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए जगह जगह नहर में जाल लगवाए है।

# बदमाशों ने शराब ठेके के कर्मी पर चाकू से हमला कर लूटी नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

गांव खरकाली में एक ठेके पर कार्यरत कर्मचारी को बदमाशों ने चाकू से घायल कर हजारों रुपये की नकदी लूट ली। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे गांव खरकाली स्थित ठेके पर बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति पहुंचे और ठेके से ही बीयर लेकर बाहर पीने के लिए बैठ गए। कुछ ही मिनट के बाद जैसे ही ठेके पर कार्यरत करिंदा जय सिंह लघु शंका के लिए ठेके से बाहर आया और लघुशंका करने के बाद ठेके के अंदर जाने लगा तो पीछे से दोनों युवकों ने उसे पीछे से पकड़ लिया और चाकू से उस पर हमला बोल दिया। जिससे जयसिंह बुरी तरह से घायल हो गया। इतने में दोनों हमलावर काउंटर पर रखे करीब 30 हजार रुपये की नकदी व कर्मचारी का मोबाइल लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी जाती है सूचना मिलते ही डायल 112 व मधुबन पुलिस के साथ एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गयी और जांच आरम्भ कर दी है।

### यमुनानगर: ठेके के सेल्समैन पर पिस्तौल तानकर लूटे रुपये व शराब की बोतलें

**यमुनानगर।** गांव खेड़ा बाह्मण के पास शराब के ठेके पर रात को बाइक सवार चार बदमाशों ने सेल्समैन पर पिस्टल तानकर उससे गल्ले में रखे 22 सौ रुपये व अंग्रेजी शराब की बोलतें लूट ली। पगांव मारवा कलां निवासी सोहन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव खेड़ा बाह्मण के पास शराब के ठेके में हिस्सेदार है। ठेके पर उत्तर प्रदेश के जिला अयोध्या के गांव डेमा बैस निवासी ओम प्रकाश सेल्समैन का काम करता है। 24 मार्च की रात को नो बजे ठेके पर एक बाइक पर सवार होकर चार युवक आए। उनमें से दो युवक बाइक से नीचे उतरकर आए और सेल्समैन से शराब की बोतल मांगी। उसने उनका शराब की बोतल दे दी। इस दौरान आरोपियों ने खिड़की में हाथ डालकर ठेके का दरवाजा खोल लिया और अंदर आ गए। आरोपियों ने उस पर पिस्टल तान दी और उसे मारने का भय दिखाकर गल्ले में रखे 22 सौ रुपये व शराब की दो बोलतें लूट ली। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए।

# कलवा गुर्जर ने जीती एक लाख की कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव के उपलक्ष्य में चुलकाना के राजकीय स्कूल में हर साल की तरह ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर के सहयोग से विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया। दंगल में एक लाख की पहली कुश्ती के लिए दिल्ली के हनुमान अखाड़ा के भारत केसरी पहलवान कलवा गुर्जर व हरियाणा के सोनीपत के पहलवान विकास दहिया के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें रेफरियों की अनुशंसा पर दिल्ली हनुमान अखाड़ा के पहलवान कलवा गुर्जर को कमेटी ने विजयी घोषित कर दिया। इसी तरह 51 हजार रुपये की दूसरी कुश्ती में नरू खेड़ी के नीरू पहलवान ने पंजाब के पहलवान चमकौर सिंह को पराजित कर कुश्ती जीती। तीसरी कुश्ती 31 हजार रुपये इनाम के लिए बांध गांव के पहलवान साहिल व सोनीपत के भीम पहलवान के बीच थी हार जीत का फैसला नहीं हुआ तो कुश्ती बराबरी पर छोडनी ड़ी। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं हरियाणा कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष भरत सिंह छौक्कर ने दंगल का आयोजन शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए गांव वासियों का आभार व्यक्त किया।

## राजयोगिनी कृष्णा दीदी का निधन



**अंबाला।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक आदी पिता ब्रह्मा बाबा व अन्य वरिष्ठ दादियों द्वारा प्राप्त दैवी शिक्षा एवं ज्ञान से पली ईश्वरीय यज्ञ की आदि सेवाओं की रत्न, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे देहावसान हो गया। 87 वर्ष की आयु में कृष्णा दीदी ने अंतिम सांस लेकर परमपिता शिव परमात्मा की गोद में शरण ली है। कृष्णा दीदी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए 27 मार्च की सुबह 11 बजे दयाल बाग सेंटर से आरंभ हो पन्ना कॉटेज ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र होते रामबाग में एक भव्य अंतिम यात्रा द्वारा ले जाया जाएगा।

# हरियाणा 22 साल बाद पुरुष कबड्डी चैंपियन बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



■ इंडियन रेलवे को फाइनल में हरा कर स्वर्ण पइक जीता

हरियाणा की विजेता कबड्डी टीम।

महाराष्ट्र के अहमदनगर में आयोजित 70वीं पुरुष नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य की पुरुष कबड्डी टीम राजेश नारवल की अगुवाई में 22 साल बाद चैम्पियन बनी है। एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव नसीब जांघू ने बताया कि हरियाणा राज्य की पुरुष कबड्डी टीम ने क्वार्टर फाइनल में सर्विसेज की टीम को (30-27) से हराया। सेमी फाइनल में महाराष्ट्र को (38-37) से हराया व इंडियन रेलवे को फाइनल में (34-31) से हराते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इसके लिए राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ने टीम को अपना बधाई संदेश भी प्रेषित किया है और कहा कि यह हम सब के लिए गर्व की बात है। हरियाणा राज्य की पुरुष कबड्डी टीम की इस उपलब्धि पर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, चेयरमैन कुलदीप दलाल, कोषाध्यक्ष अनिल राठी, उपाध्यक्ष धरेन्द्र मलिक, उपसचिव कुलदीप पहल, पूर्व कोषाध्यक्ष बलबीर पहल, धर्मबीर मलिक, सुखपाल, सोनू कोच, विनोद कोच, कृष्ण श्योराण, सुरेन्द्र चहल, दादरी कबड्डी संघ जिला अध्यक्ष राजेश फौगाट, भीम अवार्डी सुरजीत नारवाल, द्रोणाचार्य अवार्डी बलवान सिंह, द्रोणाचार्य अवार्डी कृष्ण हुड्डा, अर्जुन अवार्डी अनूप कुमार, अर्जुन अवार्डी संदीप नारवाल, विरेन्द्र फौगाट गामड़ी, कोच बलवान सिंह दहिया, सन्नी कोल्हड़ रावलधी, हंसराज फौगाट, नवदीपक डाला, कर्मबीर नांधा, भूमित डाला, मनजीत बाढ़डा, सुरेन्द्र जांगड़ा, कृष्ण महेन्द्रगढ़, पूर्व सरपंच अशोक रावलधी, बबली मौड़ी, अजीत फौगाट, लोकेश सैनी, दीपक सैनी, सुरेन्द्र चहल, राजेश हिसार, रामपाल गुड़गांव, भूमित सांगवान, जितेन्द्र उर्फ चिन्टू व सभी जिला पदाधिकारियों ने कैप्टन राजेश नरवल, खिलाड़ी आशु मलिक, मोहित गोयत, अक्षय राठी, नितिन धनखड़, कृष्ण धुल, जयदीप दहिया, मोहित नांदल, नितिन दलाल, विशाल लाठर, उपेन्द्र, मोहित व कोच सुरजीत सिंह नवाल, डिप्टी डायरेक्टर हरियाणा स्पोर्ट्स व कोच नसीब जांघू को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक लगन व मेहनत से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

PRAYAAS INTERNATIONAL SCHOOL
LOVE • CARE • COMMITMENT
PRAYAAS
INTERNATIONAL SCHOOL
(A Sr. Sec. Co-Educational School, Affiliated to C.B.S.E.)
INTERNATIONAL SCHOOL AWARD WINNER
joins hands with
PHYSICS WALLAH
India's best, widely acclaimed and renowned institute that provides specialised coaching for NEET, JEE, CLAT, OLYMPIADS and other Competitive Exams
PAVING YOUR PATH TO A GLORIOUS CAREER
ENROLL NOW!
ADMISSION OPEN FOR PRE-NURSERY TO GRADE XII
NEW BATCHES START FROM 04th APRIL
Class IX and X
Class XI and XII
(Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Arts & Commerce)
प्रयास+फिजिक्सवाला कोचिंग कक्षाएं ही क्यों?
✓ NEET, JEE, CLAT, Olympiads व CA Foundation की कोचिंग और स्कूली शिक्षा साथ साथ
✓ PHYSICS WALLAH के विषय विशेषज्ञ PRAYAAS INTERNATIONAL SCHOOL के वरिष्ठ व अनुभवी अध्यापकों के साथ लेंगे कक्षाएं
✓ नहीं जाना होगा सोनीपत, गनौर, समालखा एवं पानीपत के होनहार विद्यार्थियों को अब दिल्ली और चंडीगढ़
✓ नहीं रहेंगे अब घर से बाहर रह कर बच्चे मानसिक तनाव में
✓ नहीं होगा यातायात की मुश्किलों में समय बर्बाद
✓ CBSE सिलेबस की तैयारी साथ साथ
✓ मिलेगी विस्तृत पाठ्य सामग्री
✓ होंगी चरणबद्ध परीक्षाएं और रिवीजन
✓ आयोजित होंगे करियर काउंसलिंग सेशंस




ALAKH PANDEY
Pinnacle of Physics Pedagogy
PHYSICS WALLAH
Note: Limited seats available; Hurry up to reserve your seat.
Prayaas Marg, Behind Chokhi Dhani, Ganaur (Sonepat) | www.prayaasinternationalschool.com
8115647000, 7645002000, 9896025555, 9996000343

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी की मच्छी मार्केट के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पोती घायल हो गई। चौधरी कॉलोनी निवासी लोकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 68 वर्षीय राम मोहन उसकी लड़की प्राची को साथ लेकर बाइक पर जगाधरी में अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह अग्रसेन चौक से होने हुए मच्छी मार्केट के पास कट से सड़क क्रॉस करने लगे तो जगाधरी बस स्टैंड की तरफ से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार



**यमुनानगर।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला की टीम ने हजारों रुपये की स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 38.56 ग्राम स्मैक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान यूपी के जिला सहारनपुर के गांव लोथीपुरा निवासी सद्दाम के रुप में हुई।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दिया।




### शिविर में जांचा ग्रामीणों का स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी द्वारा गोद लिए गांव मांड खेड़ी की टपरियां में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में एनएसएस इकाई द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैंकड़ो ग्रामीणों, स्कूली बच्चों व स्वयंसेवकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. करुणा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राखी व डॉ. विरेंद्र सिंह ढ़िल्लो ने किया।

## लोगों ने एक-दूसरे पर रंग डालकर दी होली की शुभकामनाएं

# जिले भर में होली पर्व पर जमकर उड़ा गुलाल





**यमुनानगर।** जगाधरी में हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल कार्यकर्ताओं संग भंगड़ा डालकर होली मनाते हुए व यमुनानगर के हरनौल में फूलों से होली खेलते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। *फोटो: हरिभूमि*

### होली पर्व पर कृषि मंत्री कंवरपाल ने कार्यकर्ताओं संग भंगड़ा डाल एक दूसरे को लगाया गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

रंगों का त्यौहार होली (फाग) पर्व सोमवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। होली पर्व पर जहां लोगों ने एक दूसरे पर जमकर रंग डाला और शुभकामनाएं दी। वहीं, हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कार्यकर्ताओं संग भंगड़ा डालकर व एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व धूमधाम से मनाया। कई स्थानों पर युवाओं ने डीजे की धुन पर नाचकर होली का पर्व मनाया। खास बात यह रही शराब पीने के शौकीन लोग दिन भर शराब के नशे में कहीं ढ़ोल की थाप पर तो कहीं डीजे की धूनों पर ठूमकते लगाते नजर आए। सोमवार सुबह होते ही जिले भर में रंगों का खुमार छा गया। ग्रामीण व शहरी इलाकों में लाल-पीले रंग से रंगे युवकों की टोलियां गलियों में निकल पड़ी। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया फाग खेलने वालों की तादाद बढ़ती गई। देवरों ने भाभियों पर जमकर रंगों की बौछार की। इस दौरान कई स्थानों पर युवाओं ने डीजे की धुन पर थिरक कर एक दूसरे को रंग लगाया। खास बात यह रही कि फाग के पर्व पर नवनवेली दुल्हनों ने भी अपने देवर व ननंदो पर गुलाल लगाकर पर्व मनाया और अपने सास ससुर समेत जेठानियों समेत बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।

#### कार्यकर्ता सुबह ही कंवरपाल के आवास पर पहुंच गए

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल सोमवार सुबह होते ही कार्यकर्ताओं के संग अपनी जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में होली पर्व मनाने निकल पड़े। इस दौरान उन्होंने कहीं पर कार्यकर्ताओं के संग भंगड़ा डाला तो कहीं पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकॉमनाएं दी। पर्व के मौके पर उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दूसरे पर रंग डालने का जोश उमंग पर था। कई कार्यकर्ता सुबह के वक्त ही कृषि मंत्री कंवरपाल के जगाधरी स्थित निवास पर पहुंच गए और उन्हें रंग लगाया। इसके बाद कृषि मंत्री कंवरपाल ने भी जमकर कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलकर व एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व का खूब आनंद लिया। वहीं, भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने हरनौल समेत कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं संग फूलों से होली खेली और एक दूसरे को गुलाल लगाया। इसी तरह सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, निवर्तमान मेयर मदन चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भी जमकर होली खेली।

#### होली पर्व पर पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा

होली पर्व पर जहां दिन भर जिले में लोग रंग उड़ाते रहे, वहीं, पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई। पुलिस द्वारा गश्त की जाती रही और भीड़ भरे स्थानों पर कड़ी नजर रखी गई। राहत की बात यह रही कि होली पर्व के उड़ते रंग में जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने की वजह से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। जिले भर में शांति से पर्व निपट जाने की वजह से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

### होली पर दो स्थानों पर हुई मारपीट

- मारपीट में दोनों स्थानों पर दर्जन भर लोग हुए घायल
- पुलिस ने दोनों मामलों में दर्जन भर लोगों के खिलाफ किए मामले दर्ज

**यमुनानगर।** जिले में होली पर अलग-अलग पांच स्थानों पर हुई मारपीट में पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। जसुंदर नगर निवासी गोविंद ने बताया कि वह 25 मार्च को सिविल अस्पताल में सामने मेडिकल की दुकान पर खड़ा था। इस दौरान वहां पर साहिल वर्मा व अंकित अपने साथियों के साथ आए। आरोपियों ने आते ही उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने उसकी एक्टिवा भी तोड़ दी। उधर, गांव कमालपुर निवासी वेद प्रकाश ने बताया कि वह सोमवार को ढाई बजे घर पर खाना खा रहा था। इस दौरान कुछ लोग गली में उसका व उसके बच्चों का नाम लेकर उसे बुला रहे थे। जब वह बाहर आया तो विकास हाथ में गंडासी लेकर खड़ा था। इस दौरान आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। इसके अलावा उदय, कपिल, विपन, नंदु, प्रदीप, रतन सिंह व दिलिप सिंह ने भी उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके लड़के पर भी हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पत्थर से सिर और मुंह पर वार कर फैक्टरी चौकीदार की हत्या

- तीन माह पहले ही फैक्टरी में चौकीदारी के काम पर लगा था



मृतक चौकीदार राहुल का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव बाड़ी माजरा गधौली माजरी में अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर से सिर व मुंह पर वार कर फैक्टरी चौंकीदार बिहार के गांव सन्ना पट्टी निवासी राहुल की हत्या कर दी। चौंकीदार का शव फैक्टरी के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। शव के पास ही खून लगा हुआ पत्थर पड़ा था। राहुल तीन माह पहले ही फैक्टरी में चौंकीदारी के काम पर लगा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया।

फैक्टरी मालिक श्री नगर कॉलोनी जगाधरी निवासी कमल किशोर लूथरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गधौली माजरी गांव में उसकी श्री राधे वुडस के नाम से फैक्टरी है। उसके पास बिहार के गांव सन्ना पट्टी निवासी रूपक उसकी फैक्टरी में चौकीदार के पद पर नौकरी करता था। तीन माह पहले रूपक अपने भाई राहुल को उसके पास छोड़कर बिहार चला गया था। अब राहुल फैक्टरी में रात्रि के समय चौकीदारी का काम करता था। गत 25 मार्च को होली पर्व के मौके पर फैक्टरी की छुट्टी होने पर राहुल अपने दोस्तों के साथ होली का त्योहार मनाने के लिए बाहर कहीं चला गया। रात को जब वह नहीं आया तो उसने छिलाई ठेकेदार नागेश को फोन करके राहुल के बारे में पूछा। नागेश ने बताया कि राहुल फैक्टरी में नहीं आया है। कुछ देर बाद नागेश का उसके पास फोन आया कि राहुल का शव फैक्टरी के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है। उसके मुंह व सिर से खून निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा उसने देखा कि शव के पास ही खून लगा हुआ पत्थर पड़ा है। उसने मामले की सूचना डालय 112 पर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# निर्मल सिंह बने रोटरी क्लब रादौर के प्रधान

- रोटरी क्लब रादौर ने कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** आयोजित रोटरी क्लब की बैठक में भाग लेते हुए क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब रादौर की ओर से मंगलवार को कस्बा में आयोजित बैठक में क्लब की आगामी कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मौजूदा प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा ने बताया कि आगामी कार्यकारिणी के लिए निर्मल सिंह को क्लब का प्रधान, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा क्लब के संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य व डॉ. एससी सैनी क्लब के मुख्य सलाहकार बनाए गए हैं। वहीं, भारत माटिया, आशु वर्मा, एडवोकेट सुभाष चंद बडशामी, पूर्णचंद अलीपुरा क्लब के उप प्रधान बनाए गए। जबकि मास्टर देवीदयाल अरोड़ा को सचिव नियुक्त किया गया है। हरजीत सिंह खुर्दबन, मोहित गर्ग, अमित गुप्ता को सह सचिव व लगातार तीसरी बार मोहनलाल अरोड़ा को क्लब का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. अशोक मिगलानी को सारजेंट अटारम, जसवंत सिंह बंचल को रोट्रैक्ट चेयरमैनए राजीव आर्य सन्नी को मीडिया प्रभारी व संदीप सैनी को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मलखान सिंह सढ़ुरा व संदीप सढ़ुरा को रोटरी फाउंडेशन चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी के निदेशकों में अशोक चौहान, डॉ. शुभम सलूजा, विपिन शर्मा, यतेंद्र वर्मा, एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, रणधीर चौधरी, रणधीर पंजेटा व डॉ. सुदेश को नियुक्त किया गया।

#### ये भी बने कमेटी सदस्य

इसी तरह विवाह कमेटी के डॉ. सुदेश चेयरमैन व डॉ. अमन पंजेटा, डॉ. शुभम सलूजा को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। जबकि विवाह कमेटी में मंजीत सिंह पंजेटा, सचिन पुरूथी, जसवंत सिंह, डॉ. शुभम सलूजा, राजीव शर्मा, गुरचरण सिंह, संदीप सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, मोहित गर्ग, भारत माटिया, रामकुमार वर्मा, मुकेश शास्त्री अलाहर, सविता सलूजा, नीलम बंचल, कुलवंत कौर पंजेटा, पूजा माटिया, रानी सैनी, साक्षी पुरूथी, नीलम कांबोज, मंजीत कौर बंचल को सदस्य चुना गया। रक्तदान कमेटी में विपिन शर्मा को चेयरमैन, डॉ. अश्वनी ढींगरा प्रिंसिपल को वाइस चेयरमैन, शुभम मंढाण, संदीप कुमार अलीपुरा, गगन कांबोज, मास्टर गुरचरण सिंह, मंजीत सिंह पंजेटा, मोहित गर्ग, मलखान सिंह सढ़ुरा, मुकेश शास्त्री अलाहर को कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया।

# दो सूने घरों से हजारों रुपये का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। उत्तराखड़ के जिला टीरी गढ़वाल निवासी सुषमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छछरौली में किराए के मकान में रहती है। उसकी लड़की पावंटा साहिब में शादीशुदा है। वह 22 मार्च को घर का ताला लगाकर अपनी लड़की से मिलने के लिए पावंटा साहिब चली गई थी। जब वह देर शाम वापस लौटी तो उसने देखा कि घर का लगा ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर घर से एक गैस सिलेंडर, एक बैंटरा, अलमारी में रखे करीब छह हजार रुपये, हैड फोन व हाथ की घडी गायब थी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, कामी माजरा निवासी मामचंद ने बताया कि वह 24 मार्च को जगाधरी सत्संग में गया था। जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से दो जोडी पैर की अगुंठिया, पायल, सोने की बालिया व मगंलसुत्र गायब मिला।

# प्रभातफेरी में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- श्री लालद्वारा मंदिर यमुनानगर में 7 व 8 अप्रैल को आयोजित होने वाले धार्मिक समागम को लेकर निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी के तत्वावधान में मंदिर में 7 व 8 अप्रैल को आयोजित होने वाले धार्मिक समागम को लेकर कमेटी द्वारा शहर में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी की ओर से शहर के आजाद नगर में सुबह के वक्त प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बावा लाल दयाल महाराज की आकर्षक झांकी निकाली गई। प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। मंदिर कमेटी के महासचिव सुरजीत मेहता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री लालद्वारा मंदिर में सात व आठ अप्रैल को दो दिवसीय धार्मिक समागम का आयोजन किया जाएगा। समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर सतगुरु बावा लाल दयाल जी महाराज की श्रीध्यानपुर गद्दी के महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज से आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर में होने वाले समागम को लेकर लोगों को घर द्वार पर जाकर आमंत्रित करने को लेकर यह प्रभात फेरियां गत 22 मार्च से निकाली जा रही हैं। मंगलवार को प्रभातफेरी का आयोजन शहर के आजाद नगर में किया गया।



**यमुनानगर।** आजाद नगर में प्रभातफेरी निकालते हुए श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी के सदस्य व श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

#### जगह जगह किया स्वागत

इस दौरान प्रभातफेरी विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। जिसका श्रद्धालुओं ने जगह जगह स्वागत किया। मेहता ने बताया कि प्रभातफेरियों का आयोजन पांच अप्रैल तक जारी रहेगा। मौके पर सोनू मेहता, राजीव अरोड़ा, संदीप दत्ता, दविंदर मेहता, मोनू मेहता, गुलशन गुलाटी, राजीव गांधी, चंद्र प्रकाश, अतुल लूथरा, सुरेंद्र पाल मेहता, बॉबी वासन, तिलक राज गोंदी व हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# यूके में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर दो लाख ठगे

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यूके में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर गांव टेही निवासी स्नेहा से दो लाख ठग लिए। अज्ञात व्यक्ति ने फोन के माध्यम से स्नेहा से संपर्क किया था। गांव टेही निवासी स्नेहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीए की पढ़ाई कर रही है। 27 दिसंबर 2023 को वह अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह यूके से बोल रहा है। उसने उनकी ऐप पर लाइक किया था। जहां से उन्हें आपका मोबाइल नंबर मिला है। आरोपी ने उसे कहा कि उसके लिए यूके में नौकरी का ऑफर है। आरोपी ने कहा पहले दो लाख जमा करवाने होंगे बाकि पैसे सेलरी से कटते रहेंगे। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसके द्वारा भेजे गए अकाउंट नंबर में अलग-अलग तारिखों में दो लाख जमा करवा दिए। आरोपी ने 31 दिसंबर 2023 को उसके पास ऑफर लेटर एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया का व्हाट्सऐप पर भेजा और उससे ओर पैसों की मांग करने लगा। उसने पैसे जमा करवाने से मना कर दिया और अपने पैसे वापस मांगे। मगर आरोपी ने उसे पैसे वापस करने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी का फोन नहीं मिला।

## होली पर्व पर गांव अलाहर में राष्ट्रस्तरीय कुश्ती दंगल का आयोजन

# भारत की प्राचीन परंपरा को जिंदा रखे हुए है कुश्ती दंगल

- कुश्ती दंगल में विभिन्न प्रांतो के दर्जनों पहलवानों ने पहुंचकर किया शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राष्ट्रस्तरीय पहलवान बाबा लाडी व संजीव कांबोज द्वारा होली पर्व पर गांव अलाहर में राष्ट्रस्तरीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल में मुख्यातिथि के रुप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं बसपा के रादौर विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने भाग लिया। आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि को पगड़ी पहनाकर व उन्हें स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एवं बसपा के विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने पहलवानों की हत्था जोड़ी करवाकर दंगल का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि कुश्ती दंगल हमारी प्राचीन परंपरा है। सदियों से हमारे पर्वों व तीर्थ स्थलों और मेलों पर दंगल आयोजित होते हैं। जिनमें पहुंचकर पहलवान अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हैं। इससे ना केवल हमारी प्राचीन परंपरा के बारे में नवपीढ़ी को पता चलता है, बल्कि आपस में आत्मीयिता का बोध रहता है। विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि आज भारतीय परंपरा कुश्ती दंगल का आयोजन राष्ट्रस्तरीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने लगा है। आज हमारे देश के पहलवान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण मेडल जीतकर न केवल अपने भारत देश का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन रहे हैं। वरिष्ठ समाजसेवी एवं बसपा के रादौर विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने दंगल में मौजूद हजारों की लोगों की भीड़ व युवा वर्ग को नशा आदि जैसी बुराइयों का स्वयं त्याग करने व दूसरों को भी इसके प्रति जागरुक करने के लिए आहवान किया। मौके पर दंगल के आयोजक एवं पहलवान संजीव कांबोज समेत ग्रामीणों ने अन्य प्रदेशों से पहुंचे पहलवानों व मुख्यातिथि का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया।



**यमुनानगर।** अलाहर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों की हत्था जोड़ी करवाकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि। *फोटो: हरिभूमि*

# बीबीए कक्षा की टीम रंगोली में प्रथम

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन (रादौर) में आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन (रादौर) में मंगलवार को एंड इनेक्वालिटीज स्प्रेड हैप्पीनेस विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा व शैक्षणिक निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने किया। संस्थान की इवेंट कॉर्डिनेटर हरप्रीत कौर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में बीबीए की टीम में शामिल कशिश, काजल व प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, बीटेक की नीलाक्षी एंड टीम ने द्वितीय तथा बीटेक की रीतिका एंड टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर कुलदीप कुमार गुप्ता, कोमल अहूजा, खुशबू,यशस्विनी, कन्नू चौहान, हिमानी, पल्लवी गुप्ता, अंशुल गर्ग, शबाना, अंजली व शिखा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### बुराई को छोड़ना ही होली पर्व का उद्देश्य : सरोज

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र पर होली महोत्सव स्नेह मिलन समारोह के रूप में अलौकिक होली फूलों के साथ खेल कर मनाई गई। इस दौरान सभी ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा की और शुभकामनाएं दी। इस दौरान केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने सभी बहन भाइयों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया और कहा कि बुराई का त्याग करना ही होली का मुख्य उद्देश्य होता है।



लाडवा। महाराजा अग्रसेन व महालक्ष्मी की आरती करते अग्रवाल सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की आरती की

**लाडवा।** लाडवा शहर की सामाजिक संस्था श्री अग्रवाल सभा की तरफ से महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गयी। सभा के महासचिव विकास सिंघल ने बताया कि सभा की तरफ से युवा इकाई व महिला इकाई के साथ मिलकर हर माह की पूर्णिमा को पूर्णिमा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की आरती की जाती है जिसके अंतर्गत आरती में रामकुंडी प्रधान व पार्षद रोहित गर्ग और रोटरी क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता अपने परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए।

### भाजपा ने कांग्रेस के नेता लिए उधार : बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा लोकसभा के लिए जिन 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की है उनमें 7 सीटों पर कांग्रेस के नेता चुनाव में खिलाड़ी होंगे। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए अपना नेता ही नहीं है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी कैसे सरकार बनाएगी? बवेजा ने दावा किया कि देश व प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

### गुरुद्वारा साहिब को भेंट किए एक लाख रुपये

**थानेसर।** गांव दुनियामाजरा के गुरुद्वारा श्री नानकसर सिंघ सभा को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा एक लाख रुपये का चैक भेंट किया गया है। यह चैक हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा ने गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों को सौंपा। इससे पहले जसवंत सिंह दुनियामाजरा ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाते हुए गुरु चरणों में सरबत के भले की अरदास की।

### 7 को प्रदेश स्तरीय महात्मा ज्योतिबा जयंती समारोह

**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती हर साल 11 अप्रैल को मनाई जाती है। इस बार महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती व सीएम का अभिनंदन समारोह एक साथ होगा। कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में 7 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई जाएगी। साथ ही सैनी समाज की तरफ से सीएम का अभिनंदन कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम को लेकर सैनी समाज सभा के सदस्यों ने चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी को न्योता दिया।

## जिले में जमकर उड़े रंग और गुलाल

# लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाया और गले मिलकर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

रंग,गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाया और गले मिलकर पुराने गिले-शिकवे दूर किए। वहीं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक पूरे दिन रंग-बिरंगे रंगों से सराबोर रहे और होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। सोमवार को पूरे जिले में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं।

कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिले में होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगा था। रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो रविवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। सोमवार की सुबह मौसम में ठंडापन था, लेकिन यह ठंडापन बच्चों के उत्साह को रोकने में विफल रहा। यहीं हाल आमजनों का भी रहा। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।

### युवाओं की महफिल जमी

गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर कॉलोनी, गली और चौक चौराहे पर दिख रहा था। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत या अपार्टमेंट की छत पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। होली में लजीज व्यंजनों के बिना त्योहार अधूरा माना जाता है। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बंट कर लोग एक- दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगा कर एक- दूसरे को होली की बधाई दी। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा। होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया था।





कुरुक्षेत्र। होली खेलते बच्चे तथा शाहबाद में होली खेलते नगरवासी। फोटो : हरिभूमि

### गीता ज्ञान संस्थानम में धूमधाम से मनाया होली पर्व

**कुरुक्षेत्र।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिद्धय में कार्य कर रही जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम् में होली का त्योहार श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। जीओ गीता होली उत्सव का शुभारंभ द्वारिका गुजरात से विशेष रूप से पधारे स्वामी कृष्ण प्रकाश महाराज, गीता ज्ञान संस्थानम् के ब्रह्मचारी शक्ति स्वरूप, श्रीकृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान हंसराज सिंगला, पवन भारद्वाज एवं रमाकांत शर्मा ने दीप प्रज्वलन करके किया। जीओ गीता परिवार द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम् में आयोजित पर्यावरण अनुकूल होली उत्सव में श्रद्धालुओं ने केवल फूल पत्तियों के माध्यम से न केवल एक दूसरे पर पुष्प वर्षा की अपितु गीता ज्ञान संस्थानम् में ठाकुर श्री श्री कृपा बिहारी लाल एवं शिवलिंग के रूप में विराजित श्री कृपेश्वर महाराज को भी पुष्प भेंट कर होली उत्सव का खूब आनंद लिया। जीओ गीता होली उत्सव में पानीपत से पधारे विख्यात भजन गायक हंसराज श्रीवास्तव ने गणपति वंदना से होली उत्सव की शुरूआत करते हुए ठाकुर श्री बांके बिहारी लाल एवं खाटू श्याम की वंदना में होली पर्व से संबंधित एक के बाद एक सुंदर भजन प्रस्तुत कर गीता ज्ञान संस्थानम् में उपस्थित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को झूमने-नाचने पर विवश कर दिया।


कुरुक्षेत्र। गीता ज्ञान संस्थानम् में उपस्थित श्रद्धालु।

### होली का पर्व भाईचारे का प्रतीक:डॉ. सुरजीत

**शाहबाद।** होली के पर्व पर नगर के हर हिस्से में युवक युवतियों ने एक दूसरे के ऊपर रंग लगाकर होली पर्व को बड़े हर्षोल्लास से मनाया। होली का पर्व भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन सभी अपने गिले शिकवे भूलकर प्रेम का संदेश देते हैं। नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हुड्डा स्थित अग्रसेन पार्क में सभी स्वयंसेवकों ने एक दूसरे पर रंग लगाया और सभी आपस में गले मिले तदोपरांत अग्रसेन पार्क में स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आरएसएस नगर अध्यक्ष डॉक्टर सुरजीत ने बताया कि आज जब लोग वृक्षों की कटाई कर रहे हैं ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है।

नरेश गुप्ता ने कहा की हर व्यक्ति को अपने जन्म दिवस के मौके पर कम से कम एक पौधारोपण अवश्य करना चाहिए वहीं स्वयंसेवक गोल्डी जैन ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वह अधिक से अधिक पौधारोपण करके नगर को हरा भरा करेंगे इसके बाद सभी स्वयंसेवक नगर के गणमान्य व्यक्तियों के घर जाकर एक दूसरे को रंग लगाए और गले मिले। इस मौके पर स्वयं सेवक सचिन विरमानी, ब्रिज भूषण, डॉक्टर नरेंद्र भूषण, बलराम, हंस, विकास शर्मा, डॉ हिमांशु, विपुल जिंदल, शिवम जैन सभी स्वयंसेवक नपा प्रधान गुलशन आदि मौजूद रहे।



### इस्कॉन में खेली फूलों की होली

**कुरुक्षेत्र।** इस्कॉन में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कथा और भगवान के अभिषेक के बाद, बड़ी विचित्र और रोचक, फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में गोविंद कृष्ण प्रभु और अतुल कृष्ण प्रभु ने बहुत मधुर भजनों के साथ फूलों की होली में आए सभी श्रद्धालुओ का मन विभोर लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सुभाष सुधा रहे। सुभाष सुधा ने कहा कि मैंने बहुत सारी जगन बहुत सारी प्रकार की होली खेली है, परंतु ऐसी सुंदर और रोचक फूलों की होली मैने पहली बार खेली है। उन्होंने इस्कॉन को धन्यवाद दिया और सभी श्रद्धालुओ को होली की शुभकामनाएं दी। इस्कॉन कुरुक्षेत्र अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी ने बताया कि होली उत्सव में करीब एक हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के पुष्प अभिषेक का दर्शन किया। पुष्प होली के लिए दिल्ली से करीब 7 क्विंटल फूल मंगाए गए। दर्शन करने आए सभी भक्तो के लिए भंडारे प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।



## भाविप के सदस्यों ने परिवार सहित खेली फलों की होली

पिहोवा

समाज सेवा के कार्यों में नगर की प्रतिष्ठित सस्था भारत विकास परिषद की ओर से सम्राट फोटो में होली पर्व का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भाविप के सभी सदस्य परिवार सहित शामिल हुए। चंदन और फूलो से होली खेलते हुए सभी परिवार एवम सदस्यो ने एक दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर जमकर होली का आनंद उठाया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने गीले रंगों व गुलाल से खेलते हुए आपसी एकता को बढ़ावा दिया। प्रधान ज्ञान भूषण पपनेजा ने कहा कि होली के रंग जीवन में खुशियों का संदेश देते हैं। होली का पर्व जहां आपसी भाईचारे का प्रतीक है, वहीं इससे हमें प्राचीन संस्कृति व सभ्यता की जानकारी भी मिलती है। इस अवसर पर देव पूर्णिमा, चंद्रगुप्त मंगला, अजय रोहिल्ला, सुरेश बंसल, राजेश गोयल, पवन बंसल, सतीश छाबड़ा, राकेश खुराना, मेघराज गर्ग, वेद प्रकाश गर्ग साहित सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। नवीन जिंदल का स्वागत करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

## मोदी की नीतियों व विकसित भारत के सपने को देखकर ही भाजपा में शामिल हुआ : नवीन जिंदल

- भाजपा प्रदेश की 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने मंगलवार से अपना चुनावी प्रचार का शंखनाद किया। कुरुक्षेत्र लोकसभा कार्यालय में पहुंचे नवीन जिंदल ने कहा कि मैं 10 साल बाद जरुर आपके बीच आया हूं लेकिन मेरा वजन उतना का उतना है। न तो मैंने अपना वजन बढ़ने दिया है और न ही अपनी कमर बढ़ने दी है। प्रत्याशी नवीन जिंदल ने कहा कि मैं पिछले 10 साल से राजनीति से दूर रहा लेकिन फिर भी मेरे खून में राजनीति है। मैं नरेंद्र मोदी की नीतियों व विकसित भारत के सपने को देखकर ही भाजपा में शामिल हुआ हूं। उनके पिता ओपी जिंदल भाजपा परिवार का हिस्सा रहे हैं। ओपी जिंदल ने वर्ष 1996 में हरियाणा विकास पार्टी व भाजपा के गठबंधन में चुनाव लड़ा था। नवीन जिंदल ने कहा कि वे पूरी सूझबूझ व ईमानदारी के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ-साथ कंधे से कंधा मिलकर भाजपा के मिशन को कामयाब बनाने का पूरा प्रयास करेंगे। सिर्फ जितना ही हमारा उद्देश्य नही है। भाजपा का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है, जिसमें हर युवा को रोजगार मिले। नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा की सेवा करने का मौका जो पार्टी के पदाधिकारियों ने उन्हें दिया है वे उसके लिए आभारी है। नवीन जिंदल ने कहा कि भाजपा मेरा परिवार है। ये कोई राजनैतिक रिश्ता नही है। ये उनके पिता ओपी जिंदल आज से 30 साल पहले जोड़कर गए थे। नवीन जिंदल ने कहा कि राजनीति सिर्फ लोगों से मिलने का एक बहाना है। इससे आमजन के पास पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं का पता चलता है, पता चलता है कि जमीनी हकीकत क्या है, जिससे जरुरतमंदों की मदद की जा सके। नवीन जिंदल ने कहा कि वे पिछले 10 साल से वे अपने कारोबार में व्यस्त थे।

### अभय चौटाला 28 को जनसभा को करेंगे संबोधित : तनुजा



**कुरुक्षेत्र।** इनेलो महिला विंग जिला अध्यक्ष तनुजा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पार्टी के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला को किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों और 36 बिरादरी की जनता का समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। तनुजा ने दावा किया कि अभय सिंह चौटाला विरोधियों को धूल चटाकर कुरुक्षेत्र में नया राजनीतिक रिकॉर्ड बनाएंगे। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को अभय सिंह चौटाला थानेसर हल्के में पंजाबी धर्मशाला में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे वहीं पार्टी के हलका स्तरीय कार्यालय का भी उद्घघाटन करेंगे। तनुजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

## अग्रवाल सभा ने दिया पानी बचाने का संदेश


कुरुक्षेत्र। होली मिलन कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लोग डांस करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- ऐसे कार्यक्रमों से समाज में बढ़ती है सद्भावना : गुप्ता

अग्रवाल सभा सेक्टर 5 ने होली मिलन समारोह कर होली का त्योहार हषोउल्लास और उत्साह के साथ मनाया। अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान सचिन गुप्ता एडवोकेट की अगुवाई में अग्रवाल समाज के लोगों ने फूलों की होली खेल कर पानी बचाने का संदेश दिया।

होली मिलन समारोह की खास बात यह रही की महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। होली के गीतों पर डांस कर होली का आनंद उठाया। बच्चे भी पीछे नहीं रहे, उन्होंने भी होली के गीतों की धूनों पर खूब मौज मस्ती की। अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान सचिन गुप्ता ने मेहमानों की अगुवाई की और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अतिथियों का मान सम्मान किया। होली मिलन समारोह में भाग लेने वाले सभी अतिथियों को अग्रवाल सभा की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर सभा के सचिव अनिल गर्ग, उप प्रधान रोहित गुप्ता, सुरेंद्र गर्ग,ि वपिन गुप्ता, जय भगवान सिंगला, अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता , विनय गुप्ता ,अशोक गर्ग, अश्विनी जैन, राजेश सिंगला, विनोद सिंगला, एसके गोयल, मित्र सेन गुप्ता, सुशील सिंगला काका ,महेंद्र गुप्ता, राजीव गोयल ,कपिल मित्तल, सुदेश गुप्ता, अशोक सिंगला, अवनीश गोयल, जय नारायण गुप्ता, प्रवीण कंसल व आर.पी गुप्ता सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।



### भजन संध्या में फूलों से खेली होली

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज जी के आशीर्वाद और प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा मंदिर में पूर्णमासी एवम होली का त्यौहार नरोत्तम वासन परिवार के सहयोग से भजन संध्या के रूप से बड़ी धूम धाम से मनाया गया। विधिपूर्वक पूजा अर्चना के पश्चात भजन गायक जितेंद्र वर्मा, सागर कश्यप, सुरेश वर्मा, वीना नारंग, डॉ विनोद धीर, तान्या, इशाना, नरेश शर्मा व डॉ दीपिका अरोडा ने अपने भजनों से प्रभु के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हुए सभी को भाव विभोर कर दिया। पूर्व श्याम सुंदर बहल, नवीन गर्ग, सतीश सैनी, अजय रोहिल्ला ने वासन परिवार को स्मृति चिन्ह भेट किया। तत्पश्चात होलिका दहन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर वासन परिवार सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पिहोवा विधानसभा में रैली, जनसभा के लिए स्थान किए निर्धारित

**पिहोवा।** निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा चंडीगढ़ की हिदायत अनुसार राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए रैली, जनसभा, तथा फ्लेक्स-बैनर इत्यादि के लिए 14-पिहोवा के अंतर्गत पड़ने वाले ब्लॉक इत्यादि के लिए जगह निर्धारित की गई है। रैली इत्यादि के लिए स्थान उपलब्ध होने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी कम उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा राजनीतिक पार्टी को रैली, जनसभा की अनुमति सशर्त प्रदान की जाएगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए 3 जगह निर्धारित की है, जिसमें नई अनाज मंडी पिहोवा, हुडा पार्क गुहला रोड पिहोवा व मंडी के साथ-साथ हिसार रोड पर 200 फुट दोनों ओर व अनाज मंडी पुराना शिव मंदिर पिहोवा को शामिल किया गया है।


कुरुक्षेत्र। बैठक में भाग लेते मंदिर कार्यकारिणी कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## 25 अप्रैल तक पात्र व्यक्ति बनवा सकते हैं वोट : तहसीलदार

# लोस क्षेत्र में 31,845 युवा मतदाता डालेंगे पहली बार वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- चारों विधानसभा क्षेत्रों में जिले में 11726 युवा मतदाता


चुनाव तहसीलदार सरला

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव 2024 में लगभग 31845 युवा मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। हालांकि इस आंकड़े में 25 अप्रैल 2024 तक इजाफा हो सकता है, क्योंकि 25 अप्रैल तक पात्र व्यक्ति अपना वोट बनवा सकता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 11726 युवा मतदाता है और कैथल जिले में 16944 युवा मतदाता तथा यमुनानगर जिले की रादौर विधानसभा क्षेत्र में 3175 युवा मतदाता है। चुनाव तहसीलदार सरला ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की हो चुकी है, वह अपना वोट 25 अप्रैल तक बनवा सकता है। इस लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभाओं में जनवरी 2024 के अनुसार 18 व 19 वर्ष आयु वर्ग के 31845 युवा मतदाता है, जो पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें रादौर विधानसभा क्षेत्र में 3175, लाडवा में 3354, शाहबाद में 2376, थानेसर में 3281, पिहोवा 2715 युवा मतदाता है। उन्होंने कहा कि कैथल जिले की गुहला विधानसभा क्षेत्र में 4191, कलायत में 4391, कैथल में 4650 व पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 3712 युवा मतदाता है।

### 100 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के 1180 मतदाता

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में कुल 1776936 मतदाता है। इनमें 80 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के 45985 और 100 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के 1180 मतदाता शामिल है, जबकि दिव्यांग जनों के कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 16301 मतदाता है। लोकसभा आम चुनाव का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी किया जा चुका है। इस चुनाव कार्यक्रम में 29 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन होगा और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, 6 मई को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा, 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 9 मई तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते है, इसके उपरांत 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 25 अप्रैल तक बनवा सकते है अपना वोट

चुनाव तहसीलदार सरला ने सभी पात्र नागरिकों एवं मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता सूची में अपना नाम जरूर चेक कर लें। ऐसा ना हो कि मतदाता का के पास वोटर कार्ड तो है लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। इस स्थिति में मतदाता वोट नहीं डाल पाएगा। कोई भी मतदाता चुनाव आयोग द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र होने पर भी मतदाता सूची में उसका नाम नहीं होने की स्थिति में वोट डालने का पात्र नहीं होगा। चुनाव आयोग ने दिशा-निर्देश जारी कर यह स्पष्ट किया है कि वोट का प्रयोग करने के लिए संबंधित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है।

## नवरात्र को लेकर मंदिर कार्यकारिणी ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

माता बाला सुंदरी मंदिर कार्यकारिणी कमेटी की एक बैठक मंदिर परिसर में राजेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जानकारी देते हुए प्रमुख सेवादार सुभाष अग्रवाल ने बताया कि 9 अप्रैल से 16 अप्रैल तक मंदिर में मनाए जाने वाले नवरात्र महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। नवरात्र उत्सव को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। मेटी के प्रधान संजय गुप्ता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मंदिर प्रबंधन की ओर से प्रतिदिन सरस्वती तीर्थ पर आने वाले यात्रियों के लिए मंदिर में आवास व भोजन की निशुल्क व्यवस्था निरंतर जारी है। बैठक में कार्यकारिणी ने 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक यहां सरस्वती तीर्थ पर लगने वाले चैत्र चौदस मेले में आने वाले यात्रियों के लिए भोजन व आवास की निशुल्क व्यवस्था किए जाने का फैसला लिया है। सेवादार श्रवण मंगला ने बताया कि 15 अप्रैल को सप्तमी की रात्रि में एक विशाल जगराते का आयोजन होगा तथा 16 अप्रैल को प्रातः कन्या पूजन, प्रसाद वितरण के साथ नवरात्र महोत्सव संपन्न होगा। इस मौके पर सभी सेवादार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हथियार रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी अमन को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है । जो कालाअंब से अंबाला चौक की तरफ आएगा। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

### नकदी व जेवर लेकर चोर फरार, चोरी का केस दर्ज

**अंबाला।** बंद पड़े मकान से चोर नकदी के साथ कीमती सामान चोरी कर ले गए। शातिर चोरों ने घर में रखे गहनों पर भी हाथ साफ किया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना अंबाला छावनी के जोगी मंडी कच्चा बाजार की है। परिवार के सदस्य होली खेलने के लिए मिल के पीछे गए थे। हाउसिंग बोर्ड चौकी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जोगी मंडी के अर्पण ने बताया कि वह होली खेलने गए हुए थे। मंगलवार को घर लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।

### तीन आरोपियों को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत, विक्रम कुमार उर्फ सोनी व आरोपी राकेश को शामिल जांच किया है। जोगी मंडी के दीपक कुमार ने 7 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अपहरण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज किशोरी से अपहरण व दुर्व्यवहार के मामले में 2 पुलिस ने आरोपी सन्नी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के पिता ने 20 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी पुत्री बिना किसी को सूचित किए घर से कहीं चली गई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### कुरुक्षेत्र में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप ने भाजपा ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** भाजपा ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई जिलाध्यक्ष करणवीर सिंह लौट ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर राजेश सहोता, दिलबाग सिंह, गुरविंदर कौड़ा, वरिंदर कपूर, तेजिंदर सिंह, मोहित धीमान समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा पूरा हिंदुस्तान देख रहा है कि भाजपा देश में किस प्रकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव करने गए तो पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की। जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में आम आदमी पार्टी के 55 कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने बीजेपी के इशारे पर कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं और नेताओं के सिर पर जानलेवा वार किए। किसी का पैर तोड़ दिया तो किसी के हाथ में फ्रेक्चर कर दिया।इसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बुलेट सवार युवक ने छूरी से किया हमला जख्मी को अस्पताल में करवाया भर्ती

■ पुलिस ने हमलावर समेत कई आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

होली के दिन युवक को बाइक कम स्पीड में चलाने की नसीहत देनी एक युवक को भारी पड़ गई। बुलेट सवार ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला युवक की धुनाई कर दी। उस पर छुरी से भी हमला कर दिया। युवक के शरीर पर 5 जगह चोटें आई हैं। उसे अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अंबाला कैंट थाने में हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। कैंट की वाल्मीकि बस्ती के गौतम ने बताया कि वह होली के दिन दोपहर बाद 3 बजे नमस्ते चौक पर ऑटो के पास खड़ा था। इसी बीच नमस्ते चौक की तरफ से कच्चा बाजार निवासी अभिषेक उर्फ अभि बुलेट से तेज स्पीड में आ रहा था। उसने बाइक को आराम से चलाने की नसीहत दी थी। आरोपी उसे गालियां देने लगा। देखते ही देखते बाइक पर उसके अन्य दोस्त भी आ गए और उसे मारना-पिटना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि अभिषेक ने अपनी जेब से छुरी निकाली और उसकी दाईं टांग पर वार कर दिया। उसके साथियों ने थप्पड़-मुक्के मारे। उसकी टांग से काफी खून बहने लगा।

### चुनावी रंजिश को लेकर भिड़े दो गुट, सरपंच का भाई हमले में जख्मी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** होली के दिन रंजिश को लेकर थंबड़ गांव के सरपंच के भाई पर गांव के कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। सरपंच के भाई को मुलाना मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव थंबड़ के अशोक कुमार ने बताया कि वह सोमवार शाम साढ़े 4 बजे अपनी गाड़ी से वापस घर लौट रहा था। वह गांव में इंद्रपाल राणा के घर के पास पहुंचा। यहां पहले से कुछ लोग लाठी-डंडे लिए खड़े थे। जब वह अपनी कार से वहां से गुजारने लगा तो पम्मी ने उसकी गाड़ी को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने अपनी गाड़ी को रोका नहीं। इसी दौरान उसने अपने भाई सरपंच रोहताश को फोन किया। तब उसका भाई शाहाबाद था। इसी बीच आरोपी पम्पी और अर्जुन सिंह ने उसकी गाड़ी के आगे बाइक अड़ा रोक लिया। यहां पम्पी, अर्जुन, संजु, मोहित, ईश्वर सिंह उर्फ आसू, मांगा व मनोज ने मारना-पिटना शुरू कर दिया। पम्पी ने उसे कार से बाहर निकाला।

## डायल 1950 से चेक होगी वोट, मतदाता सूची में नाम होने पर ही मिलेगा वोटिंग का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा है कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

# गदौली में महिला को मतदान के लिए किया जागरूक

■ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को मतदान की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**अंबाला।** महिला चौपाल के दौरान महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

गांव अंबली तथा गदौली में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें गांव की 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी लड़कियां और महिलाओं ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से सुपरवाइजर अनु धीमान द्वारा और चुनाव कार्यालय से नीलम द्वारा लड़कियों और महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। दोनों गांवों में महिलाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया ताकि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा अपनी वोट डाले।

युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया ताकि वह अपनी वोट का सही से इस्तेमाल कर सके, कोई भी नगरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष या इससे ज्यादा हो मतदान करने के लिए अपना वोट बनवा सकते हैं।

चुनाव कार्यालय से नीलम द्वारा मतदाताओं को मतदाता हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर-1950 तथा मतदाता हेल्पलाइन मोबाइल एप्लिकेशन और राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (एनवीएसपी) का उपयोग करने के बारे में बताया।

उन्होंने मतदाताओं को चुनाव आयोग के सी-विजल एप के बारे में भी जानकारी दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की इंचार्ज बीके हरदीप व अन्य बहनों ने नशे के प्रति जागरूक किया और नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों एवं स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विभिन्न गांवों में लोकसभा चुनाव के लिए एसडीएम यश जालुका के दिशा निर्देशानुसार व स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिला चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता केंद्र से अनुराधा द्वारा डिजिटल फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। महिला चौपाल में मतदान पर मेहंदी और स्लोगन प्रतियोगिता भी करवाई गई। मेहंदी और स्लोगन प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मतदान करने के लिए उपस्थित महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई।

### हादसे में राजमिस्त्री की दर्दनाक की मौत

**अंबाला।** काम से घर जा रहे राजमिस्त्रियों की नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों को चोटें आई। गंभीर रुप से जख्मी हुए एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव धमौली के शमशेर सिंह के रूप में हुई है। हादसा शहजादपुर मिल के पास हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आरोपी मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव बिचली धमौली के सोमनाथ ने बताया कि वह मकान का लेंटर बांधने का काम करता है। वह सोमवार को गांव जंगू माजरा में अपने गांव के शमशेर सिंह के साथ लेंटर बांधने के लिए गए थे। दोपहर 12 बजे अपना काम खत्म किया। खाना खाने के बाद वापस घर के लिए चले थे। सोमनाथ ने बताया कि बाइक शमशेर सिंह चला रहा था। वह पीछे बैठा था। वे दोनों शुगर मिल बनौदी के पास पहुंचे। इस बीच, शहजादपुर की तरफ से नशे में धुत एक व्यक्ति तेज रफ्तार में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वे दोनों उछलकर सड़क के बीच में जा गिरे। हादसे में उन्हें काफी चोटें आईं।

# साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** निकाली गई शोभायात्रा के दौरान बाबा की पालकी उठाए समिति के सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सांई मंदिर में दसवां स्थापना दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। सांई धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में मंगलवार की सुबह 11 बजे शहर में बाबा की भव्य पालकी एवं शोभायात्रा निकाली गई।

इसमें काफी संख्या में श्रद्धांलुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का शहर में लोगों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को जलपान भी करवाया। सांई मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में विशेष बात यह रही कि बाबा की पालकी को हर भक्त अपने कांधे पर उठाने के लिए उत्सुक नजर आया। यह शोभायात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर स्थानीय सुभाष चौक, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, खालसा चौक व अग्रसेन चौक से होती हुई वापिस सांई मंदिर पहुंची। समिति के प्रधान मनीष मित्तल ने बताया कि 27 मार्च को सुबह 5.30 बजे सांई बाबा की काकड़ आरती एवं मंगल स्नान शिरड़ी सांई मंदिर, महाराष्ट्र के सेवानिवृत मुख्य पुजारी सुलाखे गुरूजी द्वारा करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि काकड़ आरती में जो भी भक्त शामिल होंगे उन्हें अपने हाथों से बाबा को मंगल स्नान करवाने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। बुधवार 27 मार्च दोपहर 12 बजे मध्याहन आरती भी सुलाखे गुरूजी द्वारा संपन्न करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त शाम 7 बजे से मंदिर के समीप ग्राउंड में बाबा का अटूट लंगर शुरू होगा। रात्रि 9 बजे से विशाल सांई भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें सूफी गायक कंवर ग्रेवाल सांई बाबा का गुणगान करेंगे।

### कृष्णा अस्पताल में सीएम फ्लाइंग की रेड

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खंगाल रहे रिकॉर्ड

■ किसी ने अस्पताल में गैरकानूनी कारोबार होने की सूचना दी

**अंबाला।** अंबाला शहर के नारायणगढ़ रोड स्थित श्री कृष्णा अस्पताल पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक साथ रेड की। रेड के दौरान जांच टीम कई घंटे से अस्पताल का पूरा रिकॉर्ड खंगाल रही है। जांच टीम ने रेड के दौरान अस्पताल के सभी दरवाजों को अंदर से बंद कर दिया गया है। किसी को भी न तो अंदर जाने दिया गया न ही बाहर आने दिया गया। इसी वजह से अस्पताल के अंदर कई मरीज फंस गए। बाद में सभी को बाहर निकाला गया। रेड की असल वजह सामने नहीं आई है। पता चला है कि किसी ने अस्पताल में गैरकानूनी कारोबार होने की सूचना दी थी। इसी आधार पर स्वास्थ्य विभाग के साथ सीएम फ्लाइंग के अधिकारी अस्पताल पहुंचे थे। अभी तक जांच टीम की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

स्थानीय पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया है। जांच के बाद ही टीम ने कार्रवाई की बात कह रही है। रेड के बाद मुख्य सड़क पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे। फिलहाल जांच टीम अस्पताल के रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है।

# गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी जोड़ती है अकाल पूरख के साथ

■ मोहल्ला पठाना वाला में मनाया गया होला मोहल्ला समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** होला मोहल्ला के अवसर पर लंगर में भोजन ग्रहण करते श्रद्धालु।

श्री गुरु नानक देव व धन धन बाबा श्री चंद की कृपा का सदका के मोहल्ला पठाना वाला में होला मोहल्ला समागम श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। श्री सुखमनी साहिब के भोग के उपरांत कीर्तन दरबार सजाए गए जिसमें रागी मलकीत सिंह, रणजीत सिंह ने कथा कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। रागी जत्थों ने बताया कि होला मोहल्ला दशवें पिता गुरु गोबिंद सिंह की देन है। इसका महत्व लोगों में प्रेम की भावना व वीरता को बढ़ाना है। उनका कहना था कि गुरु गोबिंद सिंह ने आनंदपुर से होला मोहल्ला की शुरुआत की थी। फरिंद्र पाल ने गुरु साहिब जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर अमृत की दात प्राप्त करने की बात कही। सब सिखन को हुकुम है गुरु मानियों ग्रंथ। हमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी का हर समय जाप करना चाहिए। गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी हमें अकाल पुरख के साथ जोड़ती है। हमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी का जाप करके अपने जीवन को सफल करना चाहिए। उनका कहना था कि नाम का जाप करने से जीवन के सब दुख दर्द दूर होते हैं और सुखों की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर सुरजीत मक्कड़, सुरजीत सिंह कपूर, राजा भाटिया, पूर्ण सिंह, बलविंदर भाटिया, हरभजन सिंह, जसबीर सिंह खुराना, सुरिंदर चंडोक, हरभजन कपूर, भगत सिंह, गुरजंट सिंह, पृथ्वी सिंह, राजेश बजाज, जगजीत सिंह, सोनू आदि मौजूद थे।

### ऑटो चालकों पर मनमाना किराया वसूलने का आरोप, एसडीएम को बुजुर्ग ने की शिकायत



**मुलाना।** एमएम अस्पताल जा रहे ऑटोचालकों द्वारा वसूले जा रहे किराए को अत्यधिक बताते हुए शेरपुर सुलखनी के साधा सिंह ने एसडीएम को लिखित शिकायत दी है। साधा सिंह ने बताया कि मुलाना से एमएम अस्पताल जाने वाले ऑटो चालक प्रति सवारी 20 रूपये किराया वसूल रहे है। जबकि मुलाना से अस्पताल की दूरी केवल 2 किलो मीटर है। ऐसे में यह किराया बहुत ज्यादा है। साधा सिंह ने बताया कि पिछले दिनों उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर उसे एमएम अस्पताल दाखिल कराया था। तब जब ऑटो से कुछ चक्कर मुलाना के लगाने पड़े तो उन्हें इस 20 रूपये प्रति सवारी के किराये बारे में पता चला। साधा ने इसकी शिकायत एसडीएम को सौंप पर ऑटो चालकों द्वारा मन चाहा किराया वसूले जाने पर रोक लगाने की अपील की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**निशाना** ईडी-आईटी व सीबीआई का निजी फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है मोदी सरकार: सैलज

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

■ देश के सरकारी तंत्र की सभी चाबियां भाजपा के हाथ में, पार्टी नेताओं को चुनाव के लिए मैदान में उतरने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** पार्टी नेताओं से बातचीत करते पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जीत के लिए मैदान में उतरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी हाईकमान की ओर से राज्य की सभी दस लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा। इस दौरान सैलजा ने केंद्र व राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। सैलजा मंगलवार को यमुनानगर जाते समय अंबाला में पार्टी नेताओं के साथ मुलाकात कर रही थी। उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश बन चुका है जहां सरकारी तंत्र की चाबियां भाजपा के हाथ में हैं। यहां ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने इन संस्थाओं का इस्तेमाल प्राइवेट कंपनियों से वसूली के लिए किया है। योजनाबद्ध तरीके से किया गया यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आइए हम इस भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हों।

पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सैलजा ने कहा कि अंबाला में जल्द ही पार्टी की ओर से उम्मीदवार घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी हाईकमान उन्हें अंबाला से मैदान में उतारता है तो निसंदेह वे पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेंगी। सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए जो भी पार्टी हमारा साथ देगी उनको कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत साथ लेकर चलेगी। भाजपा इलेक्टोरल बोंड से 8252 करोड रुपए वसूल रही थी और देश की खुशियां उजड़ रही थी। धंधा बचाए रखने के लिए अंबानी की सिस्टर कंपनी ने 33 करोड़ का मुनाफा कमाकर भाजपा को 375 करोड़ चंदा दिया। इसी प्रकार केवेंटर फूड पार्क ने भाजपा को 353 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भारती एयरटेल ने 100 करोड़ के घाटे के बावजूद भाजपा को 236 करोड़ रुपए का चंदा दिया। उन्होंने कहा कि यह सब दर्शाता है कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके कमाई कर रही है। जो कोई कंपनी भाजपा को मोटा चंदा नहीं देती है, उसके खिलाफ एजेंसियों से रेड करवाई जाती है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है जिसमें जनता का सहयोग जरूरी है।